an>

Title: Need to provide adequate compensation to the farmers whose land has been acquired for construction of National Highway Nos. 148-D and 758 in Bhilwara parliamentary constituency, Rajasthan.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा)ः मेरे लोक सभा क्षेत्र भीलवाड़ा अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 148-डी एवं संख्या 758 का निर्माण हो रहा है। इसके लिए किसानों की कीमती भूमि का अधिग्रहण किया गया है। परन्तु किसानों को भूमि का मुआवजा वर्तमान मूल्य का 10 प्रतिशत भी नहीं दिया जा रहा है। इस कारण से किसानों के भूखे मरने की नौबत आ रही है। मेरा सरकार से आग्रह है कि तहसील सहाडा जिला भीलवाड़ा जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 758 एवं हिण्डोली एवं नैनवा तहसील जिला बूंदी राजस्थान जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 148डी का निर्माण हो रहा है उस क्षेत्र के किसानों को केन्द्र सरकार की मंशा के अनुरूप वर्तमान मूल्य की चार गुनी राशि मुआवजा के रूप में दी जाये।